# अध्याय 3

## राज्य वित्त

**3.1** तृतीय राज्य वित्त आयोग की अधिनिर्णय अवधि वर्ष 2017 से 2022 है। यह आवश्यक है कि राज्य की विगत कुछ वर्षों की राजकोषीय स्थिति की समीक्षा की जाए एवं तद्नुसार अधिनिर्णय अवधि के लिए प्रक्षेपण किए जाए। आयोग को राज्य शासन से स्थानीय निकायों को कोषों के हस्तांतरण की अनुशंसा करते समय राज्य के संसाधनों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

### संसाधनों की संरचना

**3.2** छत्तीसगढ़ शासन की प्राप्तियों के दो स्रोत हैं :- (1) राजस्व (2) पूंजीगत।

**3.3** राजस्व प्राप्तियों में स्वयं के संसाधनों से राजस्व (स्वयं के स्रोतों से कर राजस्व एवं गैर कर राजस्व) एवं केन्द्र शासन से अंतरित राशि (केन्द्रीय करों में राज्यांश एवं शुल्क एवं सहायता अनुदान) शामिल हैं।

**3.4** पूंजीगत प्राप्तियों में गैर ऋण (विविध पूंजीगत प्राप्तियां यथा- विनिवेश से आगम, ऋणों की वसूली एवं अग्रिम), तथा ऋण से प्राप्तियाँ (आंतरिक स्रोत*), बाजार ऋण, वित्तीय संस्थाओं/ व्यावसायिक बैंकों से प्राप्त उधार एवं केन्द्र शासन से ऋण एवं अग्रिम की प्राप्तियां शामिल हैं।

*14वें वित्त आयोग ने यह अनुशंसा की थी कि राज्यों को राष्ट्रीय लघु बचत निधि के संचालन से 01 अप्रैल 2015 से बाहर कर देना चाहिए और उनका दायित्व केवल उनके द्वारा पूर्व में लिए गए ऋण तक सीमित रहे। **(पैरा 14.81)**।

**3.5** लोक लेखा से अदायगी के पश्चात् बचे हुए कोषों का उपयोग सरकार वित्तीय घाटे की प्रतिपूर्ति के लिए करती है। व्यय का वर्गीकरण राजस्व, पूंजीगत एवं ऋण खाते में किया जाता है। वर्तमान व्यवस्थाओं के चलते अब योजना और गैर योजना मदों का वर्गीकरण अप्रासंगिक हो गया है।

**3.6** छत्तीसगढ़ की औसत वृद्धि दर वर्ष 2011-12 से वर्ष 2017-18 में चालू मूल्यों पर 10.8 प्रतिशत एवं स्थिर मूल्य के आधार पर 6.3 प्रतिशत रही(वर्ष 2011-12 आधार वर्ष)। राज्य की आर्थिक वृद्धि की दर में सकल स्तर एवं विभिन्न क्षेत्रों के स्तर पर काफी उतार-चढ़ाव हैं जिसके कई कारण हैं। (तालिका 3.1)

### राज्य अर्थव्यवस्था - प्रवृत्तियाँ एवं संरचना

**तालिका 3.1**

**सकल राज्य घरेलू उत्पाद – प्रचलित एवं स्थिर मूल्यों पर**

(करोड़ रूपये में)

| वर्ष | प्रचलित मूल्य पर | पूर्व वर्षों की तुलना में वृद्धि का % | 2011-12 के मूल्यों पर | पूर्व वर्ष की तुलना में वृद्धि दर का % |
|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 158073.82 | | 158073.82 | |
| 2012-13 | 177511.32 | 12.30 | 165977.40 | 5.00 |
| 2013-14 | 206833.19 | 16.52 | 182579.45 | 10.00 |
| 2014-15 | 221142.37 | 6.92 | 185882.21 | 1.81 |
| 2015-16 (P) | 234212.37 | 5.91 | 197068.84 | 6.02 |
| 2016-17(Q) | 262263.36 | 11.98 | 213648.98 | 8.41 |
| 2017-18 (A) | 291680.72 | 11.22 | 227866.31 | 6.65 |
| **औसत 2011-18** | | **10.81** | | **6.32** |

**स्रोत - आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 एवं 2017-18 संचालक आर्थिक एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़।**

**3.7** प्रचलित मूल्यों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान लगभग 45 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र का लगभग 35 प्रतिशत एवं कृषि क्षेत्र का लगभग 20 प्रतिशत है। स्थिर मूल्यों पर यह प्रतिशत क्रमशः लगभग 48, 35 एवं 18 प्रतिशत है। उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि औद्योगिक क्षेत्र सकल राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान देता है, जबकि सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग एक तिहाई है एवं कृषि क्षेत्र का योगदान 20 प्रतिशत से कम है। अतः सरकार को सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र की भूमिका बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए। (तालिका 3.2)

**तालिका 3.2**
**सकल राज्य घरेलू उत्पाद की क्षेत्रवार संरचना – प्रचलित एवं स्थिर मूल्यों पर**

(प्रतिशत में)

| घटक | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16(P) | 2016-17(Q) | 2017-18 (A) | औसत 2011-12 2017-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जीएसडीपी क्षेत्रवार संरचना प्रचलित मूल्यों पर (प्रतिशत) | | | | | | | |
| कृषि | 18.10 | 19.15 | 18.42 | 19.32 | 20.14 | 21.5 | 22.16 | 19.83 |
| उद्योग | 47.27 | 45.94 | 47.42 | 45.90 | 43.39 | 42.29 | 41.01 | 44.75 |
| सेवाएं | 34.63 | 34.91 | 34.16 | 34.78 | 36.47 | 36.21 | 36.83 | 35.43 |
| | जीएसडीपी क्षेत्रवार संरचना स्थिर मूल्यों पर (प्रतिशत) | | | | | | | |
| कृषि | 18.10 | 18.32 | 16.97 | 17.81 | 16.93 | 17.76 | 17.15 | 17.58 |
| उद्योग | 47.27 | 47.09 | 49.08 | 47.56 | 48.26 | 47.97 | 47.65 | 47.84 |
| सेवाएं | 34.63 | 34.58 | 33.95 | 34.63 | 34.81 | 34.27 | 35.20 | 34.58 |

**स्रोत - आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 एवं 2017-18 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

## राज्य की वित्तीय स्थिति
## कुल प्राप्तियां

**3.8** राज्य की कुल प्राप्तियां वर्ष 2011-12 में रू. 27577.39 करोड़ थी जो वर्ष 2014-15 में बढ़कर रू. 44571.54 करोड़ हो गई । वर्ष 2015-16 में यह और बढ़कर रू. 51367.65 करोड़ हो गई वर्ष 2017-18 संशोधित अनुमान रू. 78527.17 करोड़ एवं वर्ष 2018-19 बजट अनुमान रू. 83096.13 करोड़ रहने की संभावना है। (तालिका 3.3)


**तालिका 3.3**
**राज्य की वित्तीय स्थिति**

(करोड़ रूपये में)

| | मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (RE) | 18-19 (BE) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | कुल राजस्व | 25867.38 | 29578.08 | 32050.27 | 37932.80 | 46067.71 | 53685.25 | 68580.04 | 72867.97 |
| क | राज्य का स्वयं का राजस्व | 14770.73 | 17650.15 | 19443.88 | 20581.97 | 22289.65 | 24614.46 | 32153.04 | 34200.00 |
| 1 | कर से राजस्व | 10712.25 | 13034.21 | 14342.71 | 15707.26 | 17074.85 | 18945.21 | 24438.04 | 26030.00 |
| 2 | गैर कर से राजस्व | 4058.48 | 4615.94 | 5101.17 | 4874.71 | 5214.80 | 5669.25 | 7715.00 | 8170.00 |
| ख | केन्द्र से अंतरण | 11096.65 | 11927.93 | 12606.39 | 17350.84 | 23778.06 | 29070.79 | 36427.00 | 38667.97 |
| 1 | केन्द्रीय करों का हिस्सा | 6320.44 | 7217.60 | 7880.22 | 8363.03 | 15716.47 | 18809.16 | 21280.00 | 22954.97 |

| | मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (RE) | 18-19 (BE) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | केन्द्र का अनुदान | 4776.21 | 4710.33 | 4726.17 | 8987.81 | 8061.59 | 10261.63 | 15147.00 | 15713.00 |
| II | पूंजीगत प्राप्तियाँ | 1710.01 | 3605.20 | 5581.94 | 6638.74 | 5299.94 | 5140.12 | 9947.13 | 10228.16 |
| | गैर ऋण | 1288.67 | 1547.47 | 1650.05 | 199.07 | 299.74 | 175.73 | 305.00 | 314.02 |
| | लोक ऋण/ लोक लेखा प्राप्तियां | 421.34 | 2057.73 | 3931.89 | 6439.67 | 5000.20 | 4964.39 | 9642.13 | 9914.14 |
| III | कुल प्राप्तियाँ (I+II) | 27577.39 | 33183.28 | 37632.21 | 44571.54 | 51367.65 | 58825.37 | 78527.17 | 83096.13 |
| | कुल व्यय | 27953.13 | 33779.96 | 38752.29 | 46206.08 | 51811.28 | 57968.26 | 78622.98 | 83179.26 |
| | राजस्व व्यय | 22628.04 | 26971.84 | 32859.57 | 39497.20 | 43701.06 | 48164.60 | 65392.10 | 68422.62 |
| | पूंजीगत व्यय | 4056.36 | 4919.33 | 4574.19 | 6620.56 | 7945.00 | 9470.51 | 12735.42 | 14453.93 |
| | ऋण एवं अग्रिम | 1268.73 | 1888.79 | 1318.53 | 88.32 | 165.22 | 333.15 | 495.46 | 302.71 |
| | राजस्व बचत (+) / घाटा (-) | 3239.34 | 2606.24 | -809.30 | -1564.40 | 2366.65 | 5520.65 | 3187.94 | 4445.35 |
| | राजकोषीय घाटा | -803.23 | -2658.34 | -5064.75 | -8078.42 | -5443.83 | -4107.28 | -9737.94 | -9997.27 |
| | प्राथमिक बचत (+) /घाटा (-) | 489.97 | -1304.85 | -3614.22 | -6314.81 | -3294.93 | -1420.45 | -6480.14 | -6249.82 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ का विभिन्न वर्षों के बजट का संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**




**3.9** वर्ष 2011-12 में कुल प्राप्तियों में से राजस्व प्राप्तियां 93 प्रतिशत थीं किन्तु वर्ष 2015-16 तक यह घट कर 90 प्रतिशत रह गई। वर्ष 2016-17 में इसका योगदान 91 प्रतिशत रहा। वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) एवं वर्ष 2018-19 (बजट अनुमान) में इसके और घट कर 87 प्रतिशत तक रहने की संभावना है।

**3.10** वर्ष 2011से वर्ष 2019 की अवधि में कुल प्राप्तियों में राजस्व के प्रतिशत का विचलन 85 से 94 प्रतिशत के बीच रहा है। तद्नुरूप पूंजीगत प्राप्तियों में घट/बढ़, गैर ऋण प्राप्तियों/लोक ऋण में घट/बढ़ के कारण हुई है।(तालिका 3.4)

## तालिका 3.4
## कुल प्राप्तियों की व्यापक संरचना

(प्रतिशत में)

| | मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (RE) | 18-19 (BE) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | कुल राजस्व | 93.80 | 89.14 | 85.17 | 85.11 | 89.68 | 91.26 | 87.33 | 87.69 |
| 1 | राज्य का स्वयं का राजस्व | 53.56 | 53.19 | 51.67 | 46.18 | 43.39 | 41.84 | 40.95 | 41.16 |
| 2 | केन्द्र से अंतरित | 40.24 | 35.95 | 33.50 | 38.93 | 46.29 | 49.42 | 46.39 | 46.53 |
| II | पूंजीगत प्राप्तियाँ | 6.20 | 10.86 | 14.83 | 14.89 | 10.32 | 8.74 | 12.67 | 12.31 |
| 1 | गैर ऋण पूंजीगत प्राप्तियाँ | 4.67 | 4.66 | 4.38 | 0.45 | 0.58 | 0.30 | 0.39 | 0.38 |
| 2 | लोक ऋण प्राप्तियाँ | 1.53 | 6.20 | 10.45 | 14.45 | 9.73 | 8.44 | 12.28 | 11.93 |
| III | कुल प्राप्तियाँ (I+II) | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट का संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

### कुल राजस्व प्राप्तियाँ


**3.11** वर्ष 2011-15 के मध्य राज्य की राजस्व प्राप्तियां केन्द्र से अंतरित राशि की तुलना में अधिक हैं। वर्ष 2015-16 से राज्य के स्वयं के राजस्व (कर एवं गैर कर) में कमी का मुख्य कारण 14वें वित्त आयोग के द्वारा केन्द्रीय करों से अधिक हिस्से का अंतरण है। (तालिका 3.5)

## तालिका 3.5
## कुल राजस्व प्राप्तियों की व्यापक संरचना

(प्रतिशत में)

| मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (RE) | 18-19 (BE) | औसत 11-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल राजस्व | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 1. कुल कर राजस्व | 65.85 | 68.47 | 69.34 | 63.46 | 71.18 | 70.33 | 66.66 | 67.22 | 68.24 |
| क. राज्य का स्वयं का कर राजस्व | 41.41 | 44.07 | 44.75 | 41.41 | 37.06 | 35.29 | 35.63 | 35.72 | 39.70 |
| ख. केन्द्रीय करों से प्राप्त राज्यांश | 24.43 | 24.40 | 24.59 | 22.05 | 34.12 | 35.04 | 31.03 | 31.50 | 28.54 |
| 2. गैर कर राजस्व | 34.15 | 31.53 | 30.66 | 36.54 | 28.82 | 29.67 | 33.34 | 32.78 | 31.76 |
| ग. राज्य का स्वयं का गैर कर राजस्व | 15.69 | 15.61 | 15.92 | 12.85 | 11.32 | 10.56 | 11.25 | 11.21 | 12.92 |
| घ. केन्द्र से प्राप्त अनुदान | 18.46 | 15.93 | 14.75 | 23.69 | 17.50 | 19.11 | 22.09 | 21.56 | 18.84 |
| राज्य का स्वयं का राजस्व (1क+2ग) | 57.10 | 59.67 | 60.67 | 54.26 | 48.38 | 45.85 | 46.88 | 46.93 | 52.62 |
| केन्द्र से अंतरित राशि (1ख+2घ) | 42.90 | 40.33 | 39.33 | 45.74 | 51.62 | 54.15 | 53.12 | 53.07 | 47.38 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट का संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**




**3.12** जीएसडीपी के परिप्रेक्ष्य में राज्य का स्वयं के स्रोतों से राजस्व (करों और गैर करों) की प्रवृत्ति लगभग स्थिर रही है। जीएसडीपी के परिपेक्ष्य में कुल राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि का कारण 14वें वित्त आयोग के अनुसार केन्द्र से अंतरण में वृद्धि का होना है। (तालिका 3.6)

3.13 केन्द्रीय करों और सहायता अनुदान में राज्यीय अंश का निर्धारण वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर किया जाता है और संसाधन जुटाने में राज्य के प्रदर्शन का मूल्यांकन उसके स्वयं के कर और गैर कर स्रोतों के संसाधनों के संदर्भ में किया जाता है। (तालिका 3.6)

**तालिका 3.6**

**कुल राजस्व की व्यापक संरचना - सकल राज्य घरेलू उत्पाद**

(प्रतिशत में)

| | मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (RE) | औसत 11-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जीएसडीपी प्रचलित मूल्यों पर | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| | कुल राजस्व | 16.37 | 16.66 | 15.50 | 17.14 | 19.67 | 20.46 | 23.52 | 18.50 |
| क | राज्य का स्वयं का राजस्व | 9.35 | 9.94 | 9.40 | 9.30 | 9.52 | 9.38 | 11.03 | 9.70 |
| | कर राजस्व | 6.78 | 7.34 | 6.93 | 7.10 | 7.29 | 7.22 | 8.38 | 7.30 |
| | गैर कर राजस्व | 2.57 | 2.60 | 2.47 | 2.20 | 2.23 | 2.16 | 2.65 | 2.40 |
| ख | केन्द्र से अंतरण | 7.02 | 6.72 | 6.10 | 7.84 | 10.15 | 11.08 | 12.49 | 8.80 |
| | केन्द्रीय करों से राज्यांश | 4.00 | 4.07 | 3.81 | 3.78 | 6.71 | 7.17 | 7.30 | 5.30 |
| | केन्द्र से अनुदान | 3.02 | 2.65 | 2.29 | 4.06 | 3.44 | 3.91 | 5.19 | 3.50 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

## राज्य का स्वयं का राजस्व

**3.14** बजट अनुमान एवं वास्तविक स्थिति के राजस्व संबंधी तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि स्वयं के स्रोतों से औसतन राजस्व का लगभग 3/4 हिस्सा स्वयं के करों से प्राप्त होता है और शेष 1/4 हिस्सा स्वयं के गैर करों से प्राप्त होता है। (तालिका 3.7 एवं 3.8)

## तालिका 3.7
## राज्य के स्वयं के राजस्व की संरचना (बजट प्रावधान)

(करोड़ रूपये में/प्रतिशत)

| मद | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | औसत 2011-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का स्वयं का राजस्व | 14141.32 | 17521.15 | 21372.3 | 24110.87 | 28748.84 | 29384.25 | 31124.84 | 34200.00 | 25075.45 |
| | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% |
| राज्य का स्वयं का कर राजस्व | 9830.45 | 12175.59 | 15300.3 | 17926.25 | 20085.85 | 21964.1 | 23420.64 | 26030.00 | 18341.65 |
| | 69.52% | 69.49% | 71.59% | 74.35% | 69.87% | 74.75% | 75.25% | 76.11% | 73.15% |
| राज्य का स्वयं का गैर कर राजस्व | 4310.87 | 5345.66 | 6072.00 | 6184.62 | 8662.99 | 7420.15 | 7704.2 | 8170.00 | 6733.81 |
| | 30.48% | 30.51% | 28.41% | 25.65% | 30.13% | 25.25% | 24.75% | 23.89% | 26.85% |

## तालिका 3.8
## राज्य के स्वयं के राजस्व की संरचना (वास्तविक आँकड़े)

(करोड़ रूपये में/प्रतिशत)

| मद | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 (RE) | 2018-19 (BE) | औसत 2011-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का स्वयं का राजस्व | 14770.73 | 17650.15 | 19443.88 | 20581.97 | 22289.65 | 24614.46 | 32153.04 | 34200.00 | 21643.41 |
| | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% | 100.00% |
| राज्य का स्वयं का कर राजस्व | 10712.25 | 13034.21 | 14342.71 | 15707.26 | 17074.85 | 18945.21 | 24438.04 | 26030.00 | 16322.08 |
| | 72.52% | 73.85% | 73.76% | 76.32% | 76.60% | 76.97% | 76.01% | 76.11% | 75.58% |
| राज्य का स्वयं का गैर कर राजस्व | 4058.48 | 4615.94 | 5101.17 | 4874.71 | 5214.80 | 5669.25 | 7715.00 | 8170.00 | 5321.34 |
| | 27.48% | 26.15% | 26.24% | 23.68% | 23.40% | 23.03% | 23.99% | 23.89% | 24.42% |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

**3.15** तालिका 3.9 में वर्ष 2015-16 से वर्ष 2018-19 की अवधि में स्वयं की राजस्व प्राप्तियाँ (कर एवं गैर कर) के संबंध में राज्य के लेखा/अनुमान और 14वें वित्त आयोग के पूर्वानुमान का तुलनात्मक विवरण दिया गया है। यहां राज्य के स्वयं के गैर कर राजस्व का लेखा/अनुमान, वर्ष 2015-16 को छोड़कर 14वें वित्त आयोग के पूर्वानुमान से अधिक हैं । वहीं स्वयं के कर राजस्व में स्थिति इसके विपरीत है अर्थात राज्य शासन के आंकड़े 14वें वित्त आयोग द्वारा आंकलित आंकड़ों से कम है। स्वयं के राजस्व प्राप्ति में 14वें वित्त आयोग के पूर्वानुमान, राज्य के लेखा/अनुमान से सभी वर्षों में अधिक रहे हैं।

**3.16** अनुमानित आय से कम वसूली का मुख्य कारण मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क, विक्रय एवं व्यापार पर कर, माल और यात्री कर, वाहन कर, भू-राजस्व एवं अन्य करों में कमी रही है।

## तालिका 3.9
## राज्य का स्वयं का राजस्व - 14वें वित्त आयोग का आकलन एवं राज्य शासन के अनुमान की तुलना

(करोड़ रूपये में)

| राजस्व स्रोत | | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2015-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वयं की राजस्व प्राप्तियाँ | 14वें वित्त आयोग का आकलन | 26196 | 29602 | 33505 | 37978 | 43106 | 170387 |
| | राज्य शासन का लेखा/अनुमान | 22290 | 24614 | 32153* | 34200* | | |
| स्वयं का कर राजस्व | 14वें वित्त आयोग का आकलन | 20872 | 24033 | 27672 | 31862 | 36686 | 141124 |
| | राज्य शासन का लेखा/अनुमान | 17075 | 18945 | 24438* | 26030* | | |
| स्वयं का गैर कर राजस्व | 14वें वित्त आयोग का आकलन | 5324 | 5569 | 5833 | 6116 | 6420 | 29263 |
| | राज्य शासन का लेखा/अनुमान | 5215 | 5669 | 7715* | 8170* | | |

*** एसजीएसटी एवं आईजीएसटी सम्मिलित है।**

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

### राज्य का स्वयं का कर राजस्व

**3.17** राज्य के कर राजस्व के मुख्य स्रोत विक्रय एवं व्यापार कर (वेट), राज्य उत्पादन शुल्क, वाहनों पर कर, मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क आदि हैं। वर्ष 2011 से वर्ष 2017 की अवधि में राज्य के स्वयं के कर राजस्व में 53 से 56 प्रतिशत तक विक्रय कर (वेट) का योगदान रहा है।

**3.18** राजस्व प्राप्ति के अन्य मुख्य स्रोत उत्पादन शुल्क 15 से 20 प्रतिशत एवं इसके पश्चात् क्रमशः माल एवं यात्री कर, मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क एवं वाहनों पर लगने वाले कर हैं। (तालिका 3.10)

## तालिका 3.10
## राज्य के स्वयं के कर राजस्व की संरचना

(प्रतिशत में)

| मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 RE | 18-19 BE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A. राज्य का स्वयं का कर राजस्व (1 से 3 तक) | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 1. वृत्ति कर | 0.10 | 0.05 | 0.05 | 0.05 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. संपत्ति पर एवं पूंजीगत संव्यवहार पर कर i से ii तक) | 10.42 | 9.10 | 8.48 | 8.63 | 9.07 | 9.06 | 9.00 | 9.41 |
| i) भू-राजस्व | 2.53 | 1.80 | 1.58 | 2.11 | 2.13 | 2.66 | 2.66 | 2.54 |
| ii) मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क | 7.90 | 7.31 | 6.90 | 6.52 | 6.94 | 6.40 | 6.34 | 6.88 |
| **मद** | **11-12** | **12-13** | **13-14** | **14-15** | **15-16** | **16-17** | **17-18 RE** | **18-19 BE** |
| 3. वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर (i से iv तक) | 89.48 | 90.84 | 91.47 | 91.33 | 90.92 | 90.94 | 91.00 | 90.59 |
| i) विक्रय कर | 56.07 | 53.16 | 55.29 | 53.66 | 52.17 | 52.42 | 60.80 | 60.97 |
| ii) राज्य उत्पादन शुल्क | 14.91 | 19.07 | 17.77 | 18.41 | 19.55 | 18.18 | 15.09 | 16.73 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| iii) वाहनों पर कर | 4.69 | 4.55 | 4.54 | 4.48 | 4.86 | 5.20 | 5.52 | 5.76 |
| iv) माल एवं यात्रियों पर कर | 7.71 | 7.31 | 6.59 | 6.25 | 6.09 | 7.08 | 2.37 | 0.02 |
| v) विद्युत पर कर एवं अधिभार | 5.96 | 6.60 | 7.11 | 8.36 | 8.04 | 7.90 | 7.16 | 7.11 |
| vi) मनोरंजन एवं अन्य कर | 0.15 | 0.15 | 0.16 | 0.16 | 0.22 | 0.15 | 0.05 | 0.00 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

**3.19** अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से राजस्व की स्थिति यथावत रहेगी या राजस्व में हानि होगी। वस्तु एवं सेवा कर की दरों का ढांचा भी अभी परिवर्तनशील है। वर्तमान में आयोग वस्तु एवं सेवा कर के राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करने में असमर्थ है। यदि किसी प्रकार की हानि होती है तो उसकी प्रतिपूर्ति की सीमा का अनुमान भी किया जाना संभव नहीं है।

**3.20** 14वें वित्त आयोग ने विधायी कार्यों के माध्यम से एक स्वायत्त एवं स्वतंत्र वस्तु एवं सेवा कर प्रतिपूर्ति कोष की स्थापना करने की अनुशंसा की है जिससे यह संचालन की अवधि को सीमित करते हुए राज्यों की स्थिति को उचित व सुविधापूर्ण बनाएं। (14वें वित्त आयोग का प्रतिवेदन कंडिका 13.29)

**3.21** आयोग स्थानीय निकायों को राज्य के राजस्व के एक निश्चित प्रतिशत अंश अंतरण की अनुशंसा करता है जिससे राज्य का राजस्व जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक राशि स्थानीय निकायों को अंतरित होगी।

**3.22** आयोग द्वारा वर्ष 2017 से वर्ष 2022 की अवधि हेतु प्रक्षेपित सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आँकड़ों की तुलना, वर्ष 2016-17 एवं वर्ष 2017-18 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार प्रदत्त आंकड़ों एवं 14वें वित्त आयोग द्वारा किये गये आकलन से की गई है। आयोग द्वारा अनुमानित प्रक्षेपण 14वें वित्त आयोग के पूर्वानुमान की तुलना में निचले स्तर पर हैं। (तालिका 3.11)

**तालिका 3.11**

**सकल राज्य घरेलू उत्पाद के पूर्वानुमानों का तुलनात्मक अध्ययन**

(करोड़ रूपये में)

| मद | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14वें वित्त आयोग द्वारा पूर्वानुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद | 241317 | 276117 | 315935 | 361495 | 413625 | - | - |
| आर्थिकी एवं सांख्यिकी संचालनालय द्वारा अनुमानित | 234212 | 262263 | 291681 | - | - | - | - |
| तृतीय राज्य वित्त आयोग द्वारा प्रक्षेपण | - | - | - | 322007 | 356803 | 395409 | 438192 |

**3.23** सामान्यतः यदि राज्य का सकल घरेलू उत्पाद बढ़ता है तो उसका कर राजस्व भी बढ़ता है। विचाराधीन अवधि के लिए करों और सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात का अध्ययन तालिका क्रमांक 3.12 में दर्शाया गया है। राज्य का स्वयं का कर राजस्व, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के संदर्भ में लगभग 7 से 8 प्रतिशत रहा है। 14वें वित्त आयोग के द्वारा की गई गणना में वर्ष 2015 से वर्ष 2020 की अवधि में राज्य के लिए यह अनुपात 8.758 प्रतिशत दर्शाया गया है।

## तालिका 3.12
## राज्य की राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति (कुल सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में)

| मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 RE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A. राज्य का स्वयं का कर राजस्व (1 से 3) | 6.78 | 7.34 | 6.93 | 7.10 | 7.29 | 7.22 | 8.38 |
| 1. व्यवसाय पर कर | 0.01 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. संपत्ति एवं पूंजीगत संव्यवहार पर कर(i से iii) | 0.71 | 0.67 | 0.59 | 0.61 | 0.66 | 0.65 | 0.75 |
| i) भू-राजस्व | 0.17 | 0.13 | 0.11 | 0.15 | 0.16 | 0.19 | 0.22 |
| ii) मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क | 0.54 | 0.54 | 0.48 | 0.46 | 0.51 | 0.46 | 0.53 |
| iii) नगरीय अचल संपत्ति कर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3. वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर | 6.06 | 6.67 | 6.34 | 6.49 | 6.63 | 6.57 | 7.62 |
| i) विक्रय कर | 3.80 | 3.90 | 3.83 | 3.81 | 3.80 | 3.79 | 5.09 |
| ii) राज्य उत्पादन शुल्क | 1.01 | 1.40 | 1.23 | 1.31 | 1.43 | 1.31 | 1.26 |
| iii) वाहन पर कर | 0.32 | 0.33 | 0.31 | 0.32 | 0.35 | 0.38 | 0.46 |
| iv) यात्री एवं माल पर कर | 0.52 | 0.54 | 0.46 | 0.44 | 0.44 | 0.51 | 0.20 |
| v) विद्युत पर कर एवं अधिभार | 0.40 | 0.48 | 0.49 | 0.59 | 0.59 | 0.57 | 0.60 |
| vi) मनोरंजन कर | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.01 | 0.00 |

**स्रोत – छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

**3.24** इस अध्ययन में विचाराधीन अवधि वर्ष 2017 से वर्ष 2022 हेतु राज्य के स्वयं के कर राजस्व वृद्धि दर के आधार पर राज्य के स्वयं के कर राजस्व का प्रक्षेपण कर, 14वें वित्त आयोग के प्रक्षेपण से उसकी तुलना की गयी है। (तालिका 3.13)

## तालिका 3.13
## राज्य का स्वयं का कर राजस्व वर्ष 2017 से वर्ष 2022

| | | 2017-18 BE | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14वें वित्त आयोग द्वारा प्रक्षेपित | कर - सकल राज्य घरेल उत्पाद का अनुपात (%) | 8.76 | 8.81 | 8.87 | | |
| | (करोड़ रूपये में) | 27672 | 31862 | 36686 | | |
| राज्य के स्वयं के कर राजस्व की वृद्धि दर के आधार पर आयोग द्वारा प्रक्षेपित | औसत वृद्धि दर 2012-13 से 2018-19 तक (%) | | | 11.80 | 11.80 | 11.80 |
| | (करोड़ रूपये में) | 23420.64 | 26030.00 | 29101.54 | 32535.52 | 36374.71 |

### गैर कर राजस्व

**3.25** राज्य के स्वयं के राजस्व का लगभग 24 से 27 प्रतिशत अंश गैर कर राजस्व से प्राप्त होता है। विगत् 7 वर्षों, वर्ष 2012 से वर्ष 2019 में इसकी वार्षिक वृद्धि दर 8.5 प्रतिशत रही है। खनिज से होने वाली प्राप्तियां जैसे खनिज रियायत शुल्क, रायल्टी एवं अन्य प्राप्तियां राज्य के गैर कर राजस्व स्रोतों में से प्रमुख स्रोत है।

**3.26** इस अध्ययन में विचाराधीन अवधि वर्ष 2017 से वर्ष 2022 हेतु राज्य के स्वयं के गैर कर राजस्व की वृद्धि दर के आधार पर राज्य के स्वयं के गैर कर राजस्व का प्रक्षेपण कर, 14वें वित्त आयोग के प्रक्षेपण से उसकी तुलना की गयी है। (तालिका 3.14)

## तालिका 3.14
## राज्य का स्वयं का गैर कर राजस्व वर्ष 2017 से वर्ष 2022

| | | 2017-18 BE | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14वें वित्त आयोग द्वारा प्रक्षेपित | (करोड़ रूपये में) | 5833 | 6116 | 6420 | | |
| राज्य के स्वयं के गैर कर राजस्व की वृद्धि दर के आधार पर आयोग द्वारा प्रक्षेपित | औसत वृद्धि दर 2012-13 से 2018-19 तक (%) | | | 8.50 | 8.50 | 8.50 |
| | (करोड़ रूपये में) | 7704.20 | 8170.00 | 8864.45 | 9617.92 | 10435.44 |

**3.27** अवधि वर्ष 2017 से वर्ष 2022 के लिए राज्य के स्वयं के राजस्व की तुलना, 14वें वित्त आयोग द्वारा अवधि वर्ष 2017 से वर्ष 2020 हेतु प्रक्षेपित आंकड़ों से की गई है। (तालिका क्र. 3.15)

## तालिका 3.15
## राज्य के स्वयं के राजस्व का प्रक्षेपण 2017 से 22

(करोड़ रूपये में)

| | 2017-18 BE | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|---|
| 14वें वित्त आयोग द्वारा प्रक्षेपित | 33505 | 37978 | 43106 | | |
| स्वयं के राजस्व की 12 प्रतिशत वृद्धि दर के आधार पर प्रक्षेपित | 31124.84 | 34200.00 | 38304.00 | 42900.48 | 48048.54 |

**व्यय**

**3.28** विगत पांच वर्षों में राज्य के व्यय की स्थिति एवं उसी आधार पर अधिनिर्णय अवधि के अनुमानों के प्रक्षेपण हेतु यह विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण का मुख्य उद्देश्य राज्य के स्वयं के राजस्व से दायित्वों की पूर्ति कहां तक संभव है, इसका अनुमान लगाना है। स्थानीय निकायों को राज्य से कोषों के अंतरण की सीमा अधिशेष पर निर्भर करती है।

**3.29** तालिका 3.16 में वर्ष 2011-12 से वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) एवं वर्ष 2018-19 (बजट अनुमान) के दौरान विभिन्न मदों के अंतर्गत व्यय की संरचना प्रदर्शित की गई है। इस अवधि में राज्य के कुल व्यय की औसत वार्षिक वृद्धि दर 19.1 प्रतिशत रही है, परन्तु संवृद्धि दर वर्ष 2013-14 के दौरान जहां 14.7 प्रतिशत रही वहीं वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) के दौरान 35.6 प्रतिशत रही। कुल व्यय की वृद्धि दर में घट-बढ़ का मुख्य कारण, ऋण और अग्रिम में भारी गिरावट रही है। वर्ष 2014-15 से लेकर सभी वर्षों में, केवल वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) को छोड़कर पूंजीगत व्यय राजस्व व्यय की तुलना में अधिक रहा है, जो विकास कार्यों पर अधिक व्यय की प्रवृत्ति को स्पष्ट करता है।

**3.30** राजस्व व्यय में वृद्धि मुख्यतः वर्तमान में दी जा रही सेवाओं के स्तर को बनाये रखने, संपत्तियों के अनुरक्षण, ब्याज के भुगतान, वेतन-मजदूरी व पेंशन भुगतान के कारण है। वर्ष 2011 से वर्ष 2016 की अवधि में राजस्व व्यय कुल व्यय का लगभग 82 से 85 प्रतिशत रहा।

## तालिका 3.16
## विभिन्न मदों के अंतर्गत कुल व्यय

(करोड़ रूपये में)

| व्यय | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 (RE) | 2018-19 (BE) | औसत 2011-12 - 2017-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल | 27953.1 | 33780.0 | 38752.3 | 46206.1 | 51811.3 | 57968.3 | 78623.0 | 83179.3 | 47870.6 |
| राजस्व | 22628.0 | 26971.8 | 32859.6 | 39497.2 | 43701.1 | 48164.6 | 65392.1 | 68422.6 | 39887.8 |
| पूंजीगत | 4056.4 | 4919.3 | 4574.2 | 6620.6 | 7945.0 | 9470.5 | 12735.4 | 14453.9 | 7188.8 |
| ऋण एवं अग्रिम | 1268.7 | 1888.8 | 1318.5 | 88.3 | 165.2 | 333.2 | 495.5 | 302.7 | 794.0 |
| | संरचना (%) में | | | | | | | | |
| कुल | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| राजस्व | 80.9 | 79.8 | 84.8 | 85.5 | 84.3 | 83.1 | 83.2 | 82.3 | 83.1 |
| पूंजीगत | 14.5 | 14.6 | 11.8 | 14.3 | 15.3 | 16.3 | 16.2 | 17.4 | 14.7 |
| ऋण एवं अग्रिम | 4.5 | 5.6 | 3.4 | 0.2 | 0.3 | 0.6 | 0.6 | 0.4 | 2.2 |
| | साल दर साल वृद्धि दर (%) | | | | | | | | |
| कुल | | 20.8 | 14.7 | 19.2 | 12.1 | 11.9 | 35.6 | 5.8 | 19.1 |
| राजस्व | | 19.2 | 21.8 | 20.2 | 10.6 | 10.2 | 35.8 | 4.6 | 19.6 |
| पूंजीगत | | 21.3 | -7.0 | 44.7 | 20.0 | 19.2 | 34.5 | 13.5 | 22.1 |
| ऋण एवं अग्रिम | | 48.9 | -30.2 | -93.3 | 87.1 | 101.6 | 48.7 | -38.9 | 27.1 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन,**
**आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

**3.31** वर्ष 2011 से वर्ष 2018 की अवधि में वेतन एवं मजदूरी भुगतान की औसत वार्षिक वृद्धि दर 15.16 प्रतिशत रही है। वर्ष 2011-12 में कुल राजस्व के संदर्भ में यह लगभग 29 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) में घट कर लगभग 26 प्रतिशत रह गई। इस प्रकार इस मद में गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई देती है। इसी प्रकार कुल राजस्व व्यय के संदर्भ में वर्ष 2011-12 में लगभग 33 प्रतिशत था, जो वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) में घट कर लगभग 27 प्रतिशत हो गया। (तालिका 3.17)

## तालिका 3.17
## वेतन एवं मजदूरी पर व्यय की प्रवृत्ति

| वर्ष | मजदूरी एवं वेतन (रू.करोड़ में) | वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि दर (%) | कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में | स्वयं के राजस्व के प्रतिशत के रूप में | कुल राजस्व व्यय के प्रतिशत के रूप में |
|---|---|---|---|---|---|
| 2011-12 | 7440.00 | | 28.76 | 50.37 | 32.88 |
| 2012-13 | 7690.00 | 3.36 | 26.00 | 43.57 | 28.51 |
| 2013-14 | 9140.00 | 18.86 | 28.52 | 47.01 | 27.82 |
| 2014-15 | 10906.38 | 19.33 | 28.75 | 52.99 | 27.61 |
| 2015-16 | 11935.17 | 9.43 | 25.91 | 53.55 | 27.31 |
| 2016-17 | 14714.95 | 23.29 | 27.41 | 59.78 | 30.55 |
| 2017-18 (RE) | 17784.09 | 20.86 | 25.93 | 55.31 | 27.20 |
| 2018-19 (BE) | 19738.84 | 10.99 | 27.09 | 57.72 | 28.85 |
| औसत 2011-12 -2017-18 | 11372.94 | 15.16 | 27.33 | 51.80 | 28.84 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन,**
**आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

**3.32** कुल राजस्व व्यय के संदर्भ में प्रतिबद्ध व्यय वर्ष 2011-12 से वर्ष 2018-19 (बजट अनुमान) की अवधि में लगभग 19 प्रतिशत से लगभग 23 प्रतिशत रहा है। कुल राजस्व व्यय के संदर्भ में ब्याज अदायगी में गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई देती है, जो वर्ष 2011-12 में 5.7 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2014-15 में 4.5 प्रतिशत रह गई। अगले 2 वर्षों में इसमें पुनः वृद्धि हो गई, परन्तु वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) एवं वर्ष 2018-19 के बजट अनुमानों के अनुसार इसमें गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई देती है। प्रशासनिक एवं पेंशन व्यय की प्रवृत्ति तालिका 3.18 में प्रदर्शित की गई है।

**तालिका 3.18**

**प्रतिबद्ध व्यय की प्रवृत्ति (प्रतिशत)**

| | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (RE) | 2018-19 (BE) | औसत 11-12 -17-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **ब्याज की अदायगी एवं ऋण का शोधन** | | | | | | | | |
| करोड़ रूपये में | 1293.20 | 1353.49 | 1450.53 | 1763.61 | 2348.91 | 2886.83 | 3477.80 | 4067.55 | 2082.05 |
| कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 5.00 | 4.58 | 4.53 | 4.65 | 5.10 | 5.38 | 5.07 | 4.77 | 4.90 |
| स्वयं के राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 8.76 | 7.67 | 7.46 | 8.57 | 10.54 | 11.73 | 10.82 | 8.60 | 9.36 |
| कुल राजस्व व्यय के प्रतिशत के रूप में | 5.72 | 5.02 | 4.41 | 4.47 | 5.37 | 5.99 | 5.32 | 5.00 | 5.19 |
| 2 | **प्रशासनिक सुविधाएं** | | | | | | | | |
| करोड़ रूपये में | 2068.72 | 2254.64 | 2707.83 | 3015.43 | 3307.94 | 3614.70 | 4921.63 | 5290.02 | 3127.27 |
| कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 8.00 | 7.62 | 8.45 | 7.95 | 7.18 | 6.73 | 7.18 | 7.26 | 7.59 |
| स्वयं के राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 14.01 | 12.77 | 13.93 | 14.65 | 14.84 | 14.69 | 15.31 | 15.47 | 14.31 |
| कुल राजस्व व्यय के प्रतिशत के रूप में | 9.14 | 8.36 | 8.24 | 7.63 | 7.57 | 7.50 | 7.53 | 7.73 | 8.00 |
| 3 | **पेंशन एवं अन्य सामान्य सुविधाएं** | | | | | | | | |
| करोड़ रूपये में | 1877.99 | 2412.30 | 2752.04 | 3249.68 | 3518.73 | 3486.54 | 4052.95 | 5359.89 | 3050.03 |
| कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 7.26 | 8.16 | 8.59 | 8.57 | 7.64 | 6.49 | 5.91 | 7.36 | 7.52 |
| स्वयं के राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 12.71 | 13.67 | 14.15 | 15.79 | 15.79 | 14.16 | 12.61 | 15.67 | 14.13 |
| 4=(1+2+3) | **प्रतिबद्ध व्यय** | | | | | | | | |
| करोड़ रूपये में | 5239.91 | 6020.43 | 6910.40 | 8028.73 | 9175.59 | 9988.07 | 12452.37 | 14717.45 | 8259.36 |
| कुल राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 20.26 | 20.35 | 21.56 | 21.17 | 19.92 | 18.60 | 18.16 | 20.20 | 20.00 |
| स्वयं के राजस्व के प्रतिशत के रूप में | 35.47 | 34.11 | 35.54 | 39.01 | 41.17 | 40.58 | 38.73 | 43.03 | 37.80 |
| कुल राजस्व व्यय के प्रतिशत के रूप में | 23.16 | 22.32 | 21.03 | 20.33 | 21.00 | 20.74 | 19.04 | 21.51 | 21.09 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन, आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

## वित्तीय समेकन

**3.33** वर्ष 2011-12 एवं वर्ष 2012-13 में राजस्व आधिक्य की स्थिति थी वहीं वर्ष 2013-14 और वर्ष 2014-15 में यह फिसल कर घाटे की स्थिति में परिवर्तित हो गई। लेकिन बाद के वर्षों में वर्ष 2015-16 से वर्ष 2017-18 के मध्य पुनः राज्य में राजस्व आधिक्य की स्थिति दिखाई देती है। राजस्व आधिक्य बनाए रखते हुए, इसे 13वें/14वें वित्त आयोग के लक्षित राजकोषीय घाटे को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। वर्ष 2017-18 (संशोधित अनुमान) में राज्य का राजकोषीय घाटा 3.34 प्रतिशत है जो 14वें वित्त आयोग की अनुशंसा की तुलना में अधिक है । इसके लिए राज्य सरकार को जहाँ एक ओर राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम एक्ट) का पालन सुनिश्चित करना होगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय निकायों को संसाधनों का प्रवाह आसान बनाना होगा। (तालिका 3.19)

### तालिका 3.19
### सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के संदर्भ में राज्य की वित्तीय स्थिति

| मद | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | 16-17 | 17-18 (संशोधित अनुमान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्व आधिक्य (+)/ घाटा (-) | 2.05 | 1.47 | -0.39 | -0.71 | 1.01 | 2.11 | 1.09 |
| राजकोषीय घाटा | -0.51 | -1.50 | -2.45 | -3.65 | -2.32 | -1.57 | -3.34 |
| प्राथमिक आधिक्य (+)/ घाटा (-) | 0.31 | -0.74 | -1.75 | -2.86 | -1.41 | -0.54 | -2.22 |

**स्रोत - छत्तीसगढ़ के विभिन्न वर्षों के बजट संक्षेप, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा छत्तीसगढ़ के बजट एवं वित्तीय स्थिति का अध्ययन,**
**आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 संचालक आर्थिकी एवं सांख्यिकी छत्तीसगढ़**

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆